जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2014/1046 दिनांक :06.06.2014

॥ <u>अधिसूचना</u> ॥

सर्व संबधित के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार खेल प्रतियोगिताओं एवं एन0सी0सी0 तथा एन0एस0एस0 एवं युवा महोत्सव की गतिविधियों में भाग लेने के कारण परीक्षा में अनुपस्थित छात्रों के लिए **''विशेष परीक्षा का आयोजन''** न किये जाने के निर्देश प्रदान किए गये है। ऐसे छात्रों को आगामी सत्रों में आयोजित सम/विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में विशेष परीक्षार्थी के रुप में बैठने की पात्रता होगी। इस संदर्भ में शासन के सत्र 2013–14 के प्रवेश नियम में किया गया उल्लेख निम्नानुसार हैः–

5. **विशेष परीक्षार्थी** : राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता के कारण विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में पूर्णतः अथवा आंशिक अनुपस्थित विद्यार्थियों को आगामी सत्र में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में (संबंधित सम/विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ) ए.टी.के.टी. विद्यार्थी के रुप में नहीं बल्कि **''विशेष परीक्षार्थी''** के रुप में सम्मिलित होने की पात्रता होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नताकोत्तर के ऐसे परीक्षार्थी जो कि सम सेमेस्टर में एन0सी0सी0 तथा एन0एस0एस0 एवं युवा महोत्सव की गतिविधियों में भाग लेने के कारण परीक्षा में सम्मलित होने से वंचित रह गये थे।

अतः परीक्षा से वंचित ऐसे सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि वह अपने आवेदन पत्र कक्षा तथा विषय की जानकारी के साथ अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से अग्रेषित कराकर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक एवं स्नातकोत्तर जून 2014 की सम परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र पर जाकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है।

सर्व सबंधित के सूचनार्थ छात्रहित में प्रसारित

परीक्षा नियंत्रक

1. संपादक महोदय, ... की ओर इस निवेदन के साथ कि वे अपने लोकप्रिय समाचारपत्र में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर, की ओर इस निवेदन के साथ कि वे इंटरनेट से प्रतियाँ निकलवाकर छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कन्ट्रोल रूम, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव(परीक्षा)